# CUH Students got Placement

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 31-08-2025**

# हकेंवि के 20 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट



प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थी, कुलपति व शिक्षकों के साथ। स्रोत- हकेंवि

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीवॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट विभाग ने ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभाग के 20 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित लेंसकार्ट कंपनी में चयन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों का यह चयन शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत व विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास आधारित शिक्षा का परिणाम है।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ लॉग लर्निंग के डीन प्रो. आशीष माथुर ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति एकाग्र होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजक एवं विभाग के समन्वयक डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि विभाग इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभाग के 20 विद्यार्थियों नितेश, पायल, मुस्कान, प्रेम, रौनक, रितिका, निखिल, दीपक, रविंद्र, हर्ष कुमार, मनीष, हर्ष त्यागी, अंकित, देवेंद्र, कृष्णा, निषितदीप, रवि, संजीव, साहिल और सचिन का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनी लेंसकार्ट में हुआ है।

उन्होंने बताया कि लेंसकार्ट के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय का दौरा कर साक्षात्कार के विभिन्न चरणों के माध्यम से विद्यार्थियों का कौशल जांचने के पश्चात चयन किया है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की उपनिदेशक डॉ. दिव्या ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

**Newspaper: Dainik Jagarn** **Date: 31-08-2025**

# हकेंवि के 20 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट



प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थी, कुलपति व शिक्षकों के साथ • सौजन्यः हकेंवि

संवाद सहयोगी, जागरण • महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के बी.वाक. रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट विभाग ने आन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभाग के 20 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित लेंसकार्ट कंपनी में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों का यह चयन शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों की मेहनत व कौशल विकास आधारित शिक्षा का परिणाम है।

विश्वविद्यालय के स्कूल आफ लाइफ लाग लर्निंग के डीन प्रो. आशीष माथुर ने कैपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति एकाग्र होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजक एवं विभाग के समन्वयक डा. सुयश मिश्रा ने बताया कि विभाग इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभाग के 20 विद्यार्थियों नितेश, पायल, मुस्कान, प्रेम, रौनक, रितिका, निखिल, दीपक, रविंद्र, हर्ष कुमार, मनीष, हर्ष त्यागी, अंकित, देवेंद्र, कृष्णा, निपितदीप, रवि, संजीव, साहिल और सचिन का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनी लेंसकार्ट में हुआ है। उन्होंने बताया कि लेंसकार्ट के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय का दौरा कर साक्षात्कार के विभिन्न चरणों के माध्यम से विद्यार्थियों का कौशल जांचने के पश्चात चयन किया है।

**Central University of Haryana**

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navodaya Times** **Date: 31-08-2025**

# हकेवि के 20 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट



*प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थी, कुलपति व शिक्षकों के साथ।*

महेंद्रगढ़, 30 अगस्त (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के बी.वाक. रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट विभाग ने आन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभाग के 20 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित लेंसकार्ट कंपनी में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों का यह चयन शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों की मेहनत व विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास आधारित शिक्षा का परिणाम है।

विश्वविद्यालय के स्कूल आफ लाइफ लाग लर्निंग के डीन प्रो. आशीष माथुर ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति एकाग्र होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजक एवं विभाग के समन्वयक डा. सुयश मिश्रा ने बताया कि विभाग इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभाग के 20 विद्यार्थियों नितेश, पायल, मुस्कान, प्रेम, रौनक, रितिका, निखिल, दीपक, रविंद्र, हर्ष कुमार, मनीष, हर्ष त्यागी, अंकित, देवेंद्र, कृष्णा, निषितदीप, रवि, संजीव, साहिल

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: India News Calling** **Date: 31-08-2025**

## 20 CUH Students Selected in On-Campus Placement Drive

August 30, 2025 03:29 PM



MAHENDERGARH,30.08.25-The Department of B.Voc.- Retail & Logistics Management, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, successfully organized an on-campus placement drive in which 20 students of the department were selected by the reputed company Lenskart. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor congratulated the selected students and said that their achievement is the outcome of the guidance provided by the faculty members, the hard work of the students, and the quality skill-based education imparted by the University.
Prof. Ashish Mathur, Dean, School of Lifelong Learning, congratulated the department for organizing the campus placement drive and motivated the students to work with dedication and focus towards their goals.
Dr. Suyash Mishra, Coordinator of the Department and Organizer of the Placement Drive, informed that the following 20 students of the department—Nitesh, Payal, Muskan, Prem, Raunak, Ritika, Nikhil, Deepak, Ravindra, Harsh Kumar, Manish, Harsh Tyagi, Ankit, Devendra, Krishna, Nishitdeep, Ravi, Sanjeev, Sahil, and Sachin—have been selected by Lenskart. He further mentioned that the officials from Lenskart visited the University and, after conducting multiple rounds of interviews to assess the skills of the students, finalized their selection. Dr. Divya, Deputy Director, Training & Placement Cell, also extended her best wishes to the selected students.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 31-08-2025**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के 20 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट



**महेंद्रगढ़,** सरोज यादव (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बी.वॉक. रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट विभाग ने ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभाग के 20 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित लेंसकार्ट कंपनी में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों का यह चयन शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों की मेहनत व विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई गुणवत्तापूर्ण कौशल विकास आधारित शिक्षा का परिणाम है।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ लॉंग लर्निंग के डीन प्रो. आशीष माथुर ने कैपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति एकाग्र होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजक एवं विभाग के समन्वयक डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि विभाग इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभाग के 20 विद्यार्थियों नितेश, पायल, मुस्कान, प्रेम, रौनक, रितिका, निखिल, दीपक, रविंद्र, हर्ष कुमार, मनीष, हर्ष त्यागी, अंकित, देवेंद्र, कृष्णा, निषितदीप, रवि, संजीव, साहिल और सचिन का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनी लेंसकार्ट में हुआ है। उन्होंने बताया कि लेंसकार्ट के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय का दौरा कर साक्षात्कार के विभिन्न चरणों के माध्यम से विद्यार्थियों का कौशल जांचने के पश्चात चयन किया है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की उपनिदेशक डॉ. दिव्या ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

पंजाब केसरी
Sun, 31 August 2025
https://mpaper.punjabkesari.com/c/78067653